त्रिकोणमिति (TRIGONOMETRY)

1.1 कोण एवं मापन पद्धति:

आप वर्ग दशम के सामान्य गणित की पुस्तक द्वारा त्रिकोणमिति से परिचित हो चुके हैं। दैनिक जीवन में त्रिकोणमिति का उपयोग त्रिकोणमितीय अनुपात को आधार मानकर गणितीय प्रश्नों के हल में किया जाता है। फलतः कोण एवं उसके मापन की विभिन्न पद्धतियों का अध्ययन सर्वप्रथम आवश्यक प्रतीत होता है।

कोण: एक ही आदि बिन्दु वाली दो किरणों के सम्मिलन को कोण कहते हैं। समतल के किसी बिन्दु पर 360° का कोण बनता है। त्रिकोणमिति में किसी भी परिमाप का कोण (धनात्मक या ऋणात्मक) संभव है।



आकृति-1

चित्र में 'O' आद्य बिन्दु एवं OX घ्रामक किरण है। यह घड़ी की सूई की प्रतिकूल दिशा (वामावर्ती) में चलकर कोण XOS=θ बनाती है। इसे धनात्मक माना जाता है। निम्न रूप में इसे दर्शाते हैं-

$$\angle XOS = +\theta$$

यदि घ्रामक किरण OX घड़ी की सूई की दिशा (दक्षिणावर्ती) में चलकर OT पर पहुँचती है तो बनाया गया कोण $TOX = (-\theta)$

कोण की माप की तीन प्रचलित पद्धतियाँ हैं-

(क) षट्दशांशक (अंग्रेजी पद्धति)

(ख) शतांशक (फ्रांसीसी पद्धति)

(ग) वृत्तीय् (रेडियन पद्धति)

(क) **षट्दशांशक** पद्धति में 90^0 को एक समकोण के बराबर माना गया है। 1^0 को 60 बराबर भागों में बाँटा गया है एवं प्रत्येक भाग एक मिनट कहलाता है।

प्रत्येक मिनट को 60 बराबर भागों में बाँटा जाता है और प्रत्येक भाग एक सेकेण्ड कहलाता है।

1 समकोण $= 90^0$

1 डिग्री $(1^0) = 60$ मिनट $(60')$

1 मिनट $(1') = 60$ सेकेण्ड $(60'')$

(ख) **शतांशक** पद्धति में एक समकोण को 100 गेड, 1 ग्रेड को 100 मिनट एवं प्रत्येक मिनट को 100 सेकेण्ड में बाँटा जाता है।

1 समकोण $= 100$ ग्रेड (100^g)

1 ग्रेड $(1^g) = 100$ मिनट $(100')$

1 मिनट $(1') = 100$ सेकेण्ड $(100'')$

विभिन्न पद्धतियों में मिनट तथा सेकेण्ड का संकेत निम्न प्रकार होना चाहिए-

शतांशक में $(',')$

षट्दशांशक में $('')$

वृत्तीय पद्धति में कोण की माप का मात्रक रेडियन है।

1 रेडियन $= \frac{180^0}{\pi}$

1 रेडियन $= \frac{200}{\pi}$ ग्रेड

समतल पर किसी वृत्त की त्रिज्या के बराबर उस वृत्त की परिधि पर काटे गये चाप द्वारा केन्द्र पर बना कोण एक रेडियन के बराबर होता है।

$\angle POQ = 1$ रेडियन



आकृति-2

रेडियन अचर कोण:



आकृति-3

मान लीजिए कि PQR वृत्त का केन्द्र O है एवं त्रिज्या r है। वृत्त में चाप PQ त्रिज्या r के बराबर लिया गया। बिन्दु O से P तथा Q को मिलाया गया। OP को O की तरफ परिधि के R बिन्दु तक बढ़ाया गया है।

रेडियन की परिभाषा से $\angle POQ = 1$ रेडियन

ज्यामिति से हम जानते हैं कि "किसी वृत्त के केन्द्र पर बना कोण संगत चापों के समानुपाती होते हैं।"

$$\therefore \frac{\angle POQ}{\angle POR} = \frac{\text{चाप } PQ}{\text{चाप } PQR}$$

या, $$\frac{\angle POQ}{2\text{समकोण}} = \frac{r}{\text{अर्द्धपरिधि}} = \frac{r}{\pi r}$$

या, $$\frac{\angle POQ}{2\text{समकोण}} = \frac{1}{\pi}$$

या, $$\angle POQ = \frac{2\text{समकोण}}{\pi} = \frac{180^\circ}{\pi}$$

$\therefore$ 1रेडियन $= \frac{180^0}{\pi}$

$\because$ 180^0एक नियत कोण एवं π एक अचर अपरिमेय संख्या है

$\therefore$ रेडियन एक अचर कोण है।

1 रेडियन को 1^c से संबोधित किया जाता है।

$$\boxed{\pi \text{ रेडियन} = \pi^c \Rightarrow \pi = 180^0}$$

रेडियन, ग्रेड एवं डिग्री में संबंध:

हम जान चुके हैं कि

$$\pi^c = 200^g = 180^0$$

मान लिया किसी कोण की माप रेडियन, ग्रेड एवं डिग्री में क्रमशः C, G, D से दर्शाया गया है।

$\because 180^0 = 2$ समकोण $= \pi^c$ (रेडियन)

या, $1^0 = \frac{\pi}{180}$ रेडियन

या, D डिग्री $= \frac{\pi \times D}{180}$ रेडियन

$\therefore \frac{\pi D}{180} = c$

या $\frac{D}{180} = \frac{C}{\pi}$ ——(1)

इसी प्रकार,

2 समकोण $=$ 200 ग्रेड

$180^0 = 200$ ग्रेड

$1^0 = \frac{200}{180}$ ग्रेड

$D^0 = \frac{200 \times D}{180}$ ग्रेड

$\therefore \frac{200D}{180} = G$

या, $\frac{D}{180}=\frac{G}{200}$ ——— (2)

अब (1) और (2) से

$\therefore \frac{D}{180}=\frac{C}{\pi}=\frac{G}{200}$

$\frac{2D}{180}=\frac{2C}{\pi}=\frac{2G}{200}$

$\therefore \frac{D}{90}=\frac{2C}{\pi}=\frac{G}{100}$

अब सिद्ध करना है कि कोण की वृत्तीय माप उस वृत्त के चाप और त्रिज्या का अनुपाती होता है।

अर्थात् $\theta=\frac{\ell}{r}$ रेडियन



मान लिया कि O केन्द्र तथा r त्रिज्या का एक वृत्त PQR है। एक चाप PR लम्बाई ℓ के बराबर लिया गया। चाप ℓ द्वारा केन्द्र पर बना कोण $POR=\theta$ (माना)

रेडियन की परिभाषा से, $\angle POQ=1^c$

ज्यामिति से,

वृत्त के केन्द्र पर का कोण संगत चापों का समानुपाती होता है।

$\therefore \quad \frac{\angle POQ}{\angle POR}=\frac{\text{चाप } PQ}{\text{चाप } PQR}$

$\frac{1^c}{\theta}=\frac{r}{l}$

या, $r\theta=l^c$

$$\therefore \quad q = \left(\frac{\text{चाप}}{r}\right)^c$$

$$\text{वृत्त के केन्द्र पर कोण} = \frac{\text{संगत चाप की लम्बाई}}{\text{संबंधित वृत्त की त्रिज्या}}$$

सावधानी:

$q = \left(\frac{\text{चाप}}{r}\right)^c$, का प्रयोग करने में यह ध्यान रखना अनिवार्य है कि θ रेडियन माप में हो। डिग्री (अंश) θ रहने पर रेडियन में बदल लेना अनिवार्य होगा।

π की परिभाषा: - किसी वृत्त की परिधि तथा इसके व्यास का अनुपात सभी वृत्त के लिए एक समान होता है। इसी अचर राशि का मान ग्रीक (यूनानी) अक्षर π (पाई) द्वारा उच्चरित है।

साधित प्रश्न:-

1. 80^0 को रेडियन में बदलें-

हल:-

$\because 180^0 = \pi$ रेडियन

$$\therefore 1^0 = \frac{\pi^c}{180}$$

$$\therefore 80^0 = \frac{\pi \times 80}{180} = \frac{4\pi^c}{9} = \frac{4\pi}{9} \text{ रेडियन}$$

2. 300 ग्रेड को रेडियन में बदलें-

हल: $\because 200$ ग्रेड $= \pi$ रेडियन

$$\therefore 1^g = \frac{\pi^c}{200}$$

$$\therefore 300^g = \left(\frac{\pi}{200} \times 300\right)^c = \frac{3\pi^c}{2}$$

3. यदि किसी कोण की माप डिग्री एवं ग्रेड में क्रमश:D एवं G हो तो दिखायें कि $\frac{G+D}{G-D}=19$

हल:-

सूत्र से-

$$\frac{G}{200}=\frac{D}{180}$$

या, $\frac{G}{D}=\frac{200}{180}$

या, $\frac{G}{D}=\frac{10}{9}$

योगान्तर निष्पत्ति से,

$$\frac{G+D}{G-D}=\frac{10+9}{10-9}=\frac{19}{1}=19$$

—

प्रश्नावली-1

- रेडियन मे बदलें-

(i) 45^0 (ii) $67^030'$ (iii) $2^r4'4.5''$

- शतांशक पद्धति में बदलें-

(i) 45^0 (ii) $50^037'57''$ (iii) 2π रेडियन

- षटदशांशक पद्धति मे पहले।

(i) 40^g (ii) $56^g87'50''$ (iii) $\frac{\pi}{9}$ रेडियन

- सुबह के ठीक 5 बजे घड़ी के दोनों सूइयों के बीच जो कोण बनता है उसे रेडियन में बदलें।
- किसी समषट्भुज के एक अंत: कोण का मान रेडियन में ज्ञात कीजिए।
- एक समबहुभुज का एक बहिष् कोण $\frac{\pi}{4}$ रेडियन है, तो भुजाओं की संख्या ज्ञात कीजिए।

साधित प्रश्न

1. 7 सेमी त्रिज्या के वृत्त के केन्द्र पर 11 सेमी लम्बाई के चाप द्वारा बने कोण की माप डिग्री में ज्ञात कीजिए। $(\pi = \frac{22}{7})$



आकृति-5

हल:- $\theta = \frac{l}{r}$ रेडियन

$\theta = \frac{11}{7}$ रेडियन $= \frac{11}{7} \times \frac{180^\circ}{\pi}$

$\theta = \frac{11}{7} \times \frac{180^\circ}{22} = 90^\circ$

प्रश्नावली-2

1. एक वृत्त की त्रिज्या 7 मी0 है, उसके एक चाप से बना हुआ केन्द्र पर का कोण रेडियन माप में $\frac{3}{7}$ है, तो चाप की लम्बाई ज्ञात कीजिए।

2. किसी वृत का 75° का चाप दूसरे वृत्त के 60° के चाप के बराबर है, तो दोनों वृत्तों की त्रिज्याओं का अनुपात ज्ञात कीजिए।

1.2 कोण की त्रिकोणमितीय निष्पत्तियाँ

धन और ऋण रेखाखण्ड:

आकृति-6

यहाँ दो लम्बवत सरल रेखाएँ XX' और YY' एक दूसरे को O पर प्रतिच्छेद करती हैं।

क्षैतिज रेखा XOX' तथा उदग्र रेखा YOY' क्रमशः X-अक्ष और Y-अक्ष एवं O को मूल बिन्दु कहते हैं।

(i) क्षैतिज रेखा खण्ड की लम्बाई YY' की दाईं ओर है धनात्मक,

(ii) क्षैतिज रेखा खण्ड की लम्बाई जो YY' की बाईं ओर है ऋणात्मक,

(iii) उदग्र रेखा खण्ड की लम्बाई जो XX' के उपर है धनात्मक,

(iv) उदग्र रेखा खण्ड की लम्बाई जो XX' के नीचे है, ऋणात्मक मानी जाती है।

त्रिकोणमितीय निष्पत्तियों के मानों की सीमाएँ:-

(i) $\sin\theta$ और $\cos\theta$ का मान (+) से (-) के बीच होता है।

(ii) $\tan\theta$ तथा $\cot\theta$ का मान $(-\infty)$ से $(+\infty)$ के बीच होता है।

(iii) $\sec\theta$ तथा $\operatorname{cosec}\theta$ का मान $(-\infty)$ से (-1) तक तथा $(+1)$ से $(+\infty)$ के बीच होता है।

(iv) $\sec\theta$ तथा $\operatorname{cosec}\theta$ का मान (-1) तथा $(+1)$ के बीच नहीं होगा।

उदाहरण:-

1. निम्नलिखित त्रिज्यक रेखाखण्ड किस पाद में होगा?

(i) 30^0 (ii) 130^0 (iii) 230^0 (iv) -200^0

(v) -500^0 (vi) -1240^0 (vii) 1240^0

हल:-

(i) प्रथम पाद

(ii) द्वितीय पाद

(iii) तृतीय पाद

(iv) द्वितीय पाद

(v) $-500=-2\times360^0+220=220^0$ (तृतीय पाद)

(vi) $-1240^0=-4\times360^0+200^0=200^0$ (तृतीय पाद)

(vii) $-1240^0=3\times360^0+160^0=160^0$ (द्वितीय पाद)

सूत्र
$\sin(-\theta)=-\sin\theta$
$\cos(-\theta)=\cos\theta$
$\tan(-\theta)=-\tan\theta$

$90^\circ\mp\theta, 180^\circ\mp\theta, 270^\circ\mp\theta, 360^\circ\mp\theta$

त्रिकोणमितीय निष्पत्तियाँ छह हैं-

sin
cos
tan
cot
sec
cosec

त्रिकोणमितीय निष्पत्तियों $90^\circ\mp\theta$ या $270^\circ\mp\theta$ के साथ संलग्न रहने पर निम्न प्रकार का सूत्र प्राप्त होता है।

जैसे-sin,tan,cotरहने पर क्रमश:cos,cot,tanके समान तथा निष्पति एवं कोण समान एक ही पाद मे रहने पर धनात्मक मान भिन्न पाद मे रहने पर ऋणात्मक मान होगा। यथा $\sin(90^\circ+\theta)$ में sin तथा $90^\circ+\theta$ दोनों द्वितीय पाद में है अत:, $\cos\theta$ के बराबर होगा और धनात्मक होगा।

पुन: sin $(270^\circ-\theta)$ में sin द्वितीय $270^\circ-\theta$ तृतीय पाद में रहने के कारण ऋणात्मक मान $\cos\theta$ के बराबर होगा।

अर्थात् $\sin(270^\circ-\theta)=-\cos\theta$

इसी प्रकार $180^\circ\mp\theta, 360^\circ\mp\theta$ के लिए जो निष्पति संलग्न होगा वही निष्पति के

बराबर होगा परन्तु चिह्न धनात्मक ऋणात्मक दोनों के पाद क्रमशः समान असमान होने पर निर्भर करेगा। जैसे- $\cos(180^\circ - \theta) = -\cos\theta$

यहाँ cos चतुर्थ एवं $180^\circ - \theta$ द्वितीय पाद में हैं। दोनों का पाद भिन्न है। इसलिए ऋणात्मक में समान निष्पति $-\cos\theta$ लिखा गया है।

उपर्युक्त सूत्र को सिद्ध करने की विधि ऊपर के कक्षा में मिलेगी।

सारणी

निष्पत्ति	$270^\circ - \theta$	$270^\circ + \theta$	$360^\circ - \theta$	$360^\circ + \theta$	$n\times360^\circ + \theta$	$n\times360^\circ - \theta$
sin	$-\cos\theta$	$-\cos\theta$	$-\sin\theta$	$+\sin\theta$	$+\sin\theta$	$-\sin\theta$
cos	$-\sin\theta$	$+\sin\theta$	$+\cos\theta$	$+\cos\theta$	$+\cos\theta$	$+\cos\theta$
tan	$+\cot\theta$	$-\cot\theta$	$-\tan\theta$	$+\tan\theta$	$+\tan\theta$	$-\tan\theta$
cot	$+\tan\theta$	$-\tan\theta$	$-\cot\theta$	$+\cot\theta$	$+\cot\theta$	$-\cot\theta$
sec	$-\operatorname{cosec}\theta$	$+\operatorname{cosec}\theta$	$+\sec\theta$	$+\sec\theta$	$+\sec\theta$	$+\sec\theta$
cosec	$-\sec\theta$	$-\sec\theta$	$-\operatorname{cosec}\theta$	$+\operatorname{cosec}\theta$	$+\operatorname{cosec}\theta$	$-\operatorname{cosec}\theta$

उदाहरण 1: $\cos(-585^\circ)$ का मान ज्ञात कीजिए।

$$\cos(-585^\circ)$$
$$= \cos 585^\circ$$
$$= \cos(360^\circ + 225^\circ) \qquad \{\cos(360^\circ + \theta) = \cos\theta\}$$
$$= \cos 225^\circ \qquad \{\because \cos(-\theta) = \cos\theta\}$$
$$= \cos(180^\circ + 45^\circ)$$
$$= -\cos 45^\circ$$
$$= -\frac{1}{\sqrt{2}}$$

उदाहरण 2.

यदि $\alpha = 2220^\circ$ तो $\sin\alpha - \cos\alpha$ का मान ज्ञात कीजिए।

हल:.

$$\sin\alpha = 2220^\circ$$
$$= \sin(360^\circ \times 6 + 60^\circ)$$

$$= \sin 60^\circ = \frac{\sqrt{3}}{2}$$

$$\cos\alpha = \cos 2220^\circ = \cos\{360^\circ \times 6 + 60^\circ\}$$

$$= \cos 60^\circ$$

$$= \frac{1}{2}$$

प्रश्न से,

$$\sin\alpha - \cos\alpha = \frac{\sqrt{3}}{2} - \frac{1}{2} = \frac{\sqrt{3}-1}{2} = \frac{1.732-1}{2}$$

$$= \frac{.732}{2} = .366$$

उदाहरण 3:

किसी त्रिभुज ABC में सिद्ध कीजिए कि –

$$\cos\frac{B-C}{2} = \sin\frac{A+2B}{2} = \sin\frac{A+2C}{2}$$

हल:– किसी त्रिभुज ABC में,

$$A+B+C = 180^\circ$$

$$\cos\frac{B-C}{2} = \cos\frac{B-(180^\circ - A - B)}{2} = \cos\frac{180^\circ + A + B + B}{2}$$

$$= \cos - \left\{\frac{180^\circ - (A+2B)}{2}\right\} = \cos\left\{\frac{180^\circ - (A+2B)}{2}\right\}$$

$$= \cos\left\{90^\circ - \frac{(A+2B)}{2}\right\} = \sin\frac{A+2B}{2}$$

पुनः $\cos\frac{B-C}{2} = \cos\frac{A+B+C-A-2C}{2}$

$$= \cos\frac{-180^\circ - (A+2C)}{2}$$

$$= \cos\left\{90^\circ - \frac{A+2C}{2}\right\}$$

$$= \sin\frac{A+2C}{2} \quad \text{.....(ii)}$$

(i) और (ii) से

$$\cos\frac{B-C}{2}=\sin\frac{A+2B}{2}=\sin\frac{A+2C}{2}$$

उदाहरण 4: किसी चतुर्भुज $ABCD$ में सिद्ध कीजिए कि-

$\sin(A+B)+\sin(C+D)=0$

हल:- किसी चतुर्भुज के चारों अन्त: कोणों का योग 360^0 होता है।

$\therefore A+B+C+D=360^0$

या, $A+B=360^0-(C+D)$

$\therefore \sin(A+B)+\sin(C+D)$

$=\sin\{360^0-(C+D)\}+\sin(C+D)$

$=-\sin(C+D)+\sin(C+D)=0$

प्रश्नावली-3

1. बताइये कि निम्नलिखित कोण की तल में स्थिति कहाँ होगी?

(i) 30^0 (ii) -30^0 (iii) 90^0 (iv) -90^0 (v) 180^0 (vi) -1090^0

(vii) 1090^0 (viii) 120^0 (ix) -120^0 (x) 4420^0 (xi) -4420^0

2. निम्नलिखित के मान निकालिए:

(i) $2\cos^2 45^0+\sin 30^0+\frac{1}{2}\cos 0^0-\tan 45^0$

(ii) $\sin 120^0+\cos 150^0+\tan^2 120^0+\tan^2 135^0+\cos 180^0$

(iii) $\sin^2 135^0+\cos^2 120^0-\sin^2 120^0+\tan^2 150^0$

(iv) $\sin 112^0+\cos 74^0-\sin 68^0+\cos 106^0$

(v) $\sin 420^0.\cos 390^0+\cos(-300^0).\sin(-330^0)$

(vi) $\cos 570^0.\sin 510^0-\sin 330^0.\cos 390^0$

(vii) $\tan 225^0.\cot 405^0+\tan 765^0.\cos 675^0$

(viii) $\cot A+\tan(180^0+A)+\tan(90^0+A)+\tan(360^0-A)$

(ix) $\cos A+\sin(270^0+A)+\sin(270^0-A)+\cos(180^0+A)$

3.(A) निम्नलिखित त्रिकोणमितीय निष्पत्तियों को 45^0 से कम के धनात्मक कोण की निष्पत्तियों के पदों में व्यक्त कीजिए:

(i) $\cos 1410^0$ (ii) $\sin 843^0$ (iii) $\cos(-928^0)$ (iv) $\tan(-240^0)$

(v) $\cos 287^\circ$ (vi) $\sin(-65^\circ)$ (vii) $\tan 1145^\circ$ (viii) $\sin 470^\circ$

(ix) $\cot(-710^\circ)$ (x) $\operatorname{cosec} 1470^\circ$ (xi) $\sec(-1150^\circ)$ (xii) $\tan 500^\circ$

(xiii) $\cot 850^\circ$ (xiv) $\sin(-1332^\circ)$ (xv) $\operatorname{cosec}(-960^\circ)$ (xvi) $\tan 1760^\circ$

3.(B) θ के निम्नलिखित मान के लिए $\sin\theta - \cos\theta$ का चिह्न बताइये:

(i) -457° (ii) 825° (iii) -634°

3.(C) θ के निम्नलिखित मान के लिए $\sin\theta + \cos\theta$ का चिह्न बताइये:

(i) 278° (ii) -356° (iii) 140°

4. सिद्ध कीजिए कि

(i) $\tan x + \tan(-y) - \tan(180^\circ - y) = \tan x$

(ii) $\tan(180^\circ - A) + \tan(180^\circ + A) + \sin(-A) = \sin(180^\circ + A)$

(iii) $\dfrac{\sin(360^\circ - \theta) + \cos(-\theta)}{\tan(-\theta) - \cot(360^\circ - \theta)} = \dfrac{\sin(90^\circ + \theta) + \cos(270^\circ - \theta)}{\cot(180^\circ + \theta) + \tan(-\theta)}$

(iv) $\sin(180^\circ + A).\cos(90^\circ + A) - \cos(180^\circ + A).\sin(90^\circ + A) = 1$

(v) $\cos(90^\circ + A).\cos(180^\circ - A) + \sin(90^\circ + A).\sin(180^\circ + A) = 0$

(vi) $\dfrac{\sin(270^\circ - \theta)\cos(90^\circ + \theta)}{\tan(90^\circ + \theta)} - \dfrac{\sin(270^\circ - \theta)}{\sec(180^\circ + \theta)} = -1$

(vii) $\dfrac{\cos\theta}{\sin(90^\circ + \theta)} + \dfrac{\sin(-\theta)}{\sin(180^\circ + \theta)} - \dfrac{\tan(90^\circ + \theta)}{\cot\theta} = 3$

(viii) $\dfrac{\cos(90^\circ + \theta).\sec(-\theta).\tan(180^\circ - \theta)}{\sec(360^\circ - \theta).\sin(180^\circ + \theta).\cot(90^\circ - \theta)} = -1$

(ix) $\dfrac{\tan(90^\circ + \theta).\sin(180 + \theta).\sin(270^\circ + \theta)}{\cos(270^\circ - \theta).\cos(180^\circ - \theta).\cot(360^\circ - \theta)} = 1$

(x) $\dfrac{\cos^2(180^\circ - \theta)}{\sin(-\theta)} + \dfrac{\cos^2(270^\circ + \theta)}{\sin(180^\circ + \theta)} = -\operatorname{cosec}\theta$

(xi) $\dfrac{\cos(180^\circ - \theta)}{\operatorname{cosec}(90^\circ - \theta)} - \dfrac{\sin^2(360^\circ - \theta)}{\cos(270^\circ - \theta)} = -1$

5. यदि A,B,C किसी त्रिभुज के तीनों कोण हैं, तो सिद्ध कीजिए कि-

(i) $\cos C + \cos(A + B) = 0$

(ii) $\tan A + \tan(B + C) = 0$

(iii) $\cos\frac{A+B}{2}-\sin\frac{C}{2}=0$

6. यदि ABCD चक्रीय चतुर्भुज हो, तो सिद्ध कीजिए कि-

(i) $\sin(A+B)+\sin(C+D)=0$

(ii) $\cos\frac{A+C}{2}-\cos\frac{B+D}{2}=0$

(iii) $\sin\frac{A+B}{2}=\sin\frac{C+D}{2}$

7. चक्रीय चतुर्भुज ABCD में सिद्ध कीजिए कि-

(i) $\cos A+\cos B+\cos C+\cos D=0$

(ii) $\sin A+\sin B-\sin C-\sin D=0$

8. मान निकालिए-

(i) $\frac{\cos 150^\circ.\tan 300^\circ}{\cot 225^\circ+\sin(-30^\circ)}$

(ii) $\sec\left(\frac{7\pi}{6}\right).\cot\left(\frac{14\pi}{3}\right)+\tan\left(\frac{-11\pi}{6}\right).\operatorname{cosec}\left(\frac{-4\pi}{3}\right)$

(iii) $\tan\frac{11\pi}{3}-2\sin\frac{4\pi}{6}-\frac{3}{4}\operatorname{cosec}^2\frac{\pi}{6}+4\cos^2\frac{17\pi}{6}$

9. सरल कीजिए-

(i) $\frac{\sin(180^\circ-\theta).\cos(180^\circ-\theta).\tan\theta}{\cos(90^\circ-\theta).\cot(180^\circ-\theta).\cot\theta}$

(ii) $\frac{\cos(-\theta).\cos(90^\circ+\theta).\sec\theta}{\tan(180^\circ-\theta).\cot(180^\circ+\theta).\cos(90^\circ-\theta)}$

10.सिद्ध कीजिए कि-

(i) $\cot\frac{\pi}{20}.\cot\frac{3\pi}{20}.\cot\frac{5\pi}{20}.\cot\frac{7\pi}{20}.\cot\frac{9\pi}{20}=1$

(ii) $\cos^2\frac{\pi}{8}+\cos^2\frac{3\pi}{8}+\cos^2\frac{5\pi}{8}+\cos^2\frac{7\pi}{8}=2$

(iii) $\sin\{(2n+1)\pi-\theta\}=\sin\theta$

(iv) $\cos(n\pi+\theta)=(-1)^n\cos\theta$ (जहाँ n कोई पूर्णांक है)

[संकेत $(-1)^n=1$ जहाँ n समपूर्णांक या शून्य है $(-1)^n=-1$ जहाँ n विषम पूर्णांक हो]

1.3 संयुक्त कोण

प्रस्तावना:- इस अध्याय में दो या दो से अधिक कोणों के बीजगणितीय योग से बने कोणों के फलन का अध्ययन किया जायगा।

दो या दो से अधिक कोणों के बीजगणितीय योग से बने कोण को संयुक्त कोण कहते हैं।

इस प्रकार $A\pm B, A+B+C, A+B-C$ आदि संयुक्त कोण हैं। दो कोणों के योग के sine , cosine और *tangent* का मान ज्ञात करना

$(A+B)<90°$, तो सिद्ध कीजिए कि-

(i) $\sin(A+B)=\sin A.\cos B+\cos A.\sin B$

(ii) $\cos(A+B)=\cos A.\cos B-\sin A.\sin B$

(iii) $\tan(A+B)=\dfrac{\tan A+\tan B}{1-\tan A.\tan B}$

हल:-



आकृति-7

माना कि OX एक धात्मक किरण धनात्मक दिशा में चलकर OY पर पहुँचती है और ∠XOY=A बनाती है, पुनः उसी दिशा में चलकर OZ पर पहुँचती है जहाँ

∠ YOZ=B बनाती है।

∴ ∠XOZ=A+B (जहाँ $A+B<90°$)

किरण OZ पर कोई बिन्दु P लिया। P से OX और OY पर क्रमशः PM और PQ लम्ब खींचा। पुनः Q से OX पर QN तथा PM पर QR लम्ब खींचा।

इस प्रकार RQNM एक आयत है।

$\angle$ XOY= $\angle$ OQR=A (एकान्तर कोण)

$\angle$ $QPR = 90^0 - \angle PQR = A$

अब ΔPOM में

$$\sin(A+B) = \sin POM = \frac{MR+RP}{OP} = \frac{NQ+RP}{OP}$$

$$= \frac{NQ}{OP} + \frac{RP}{OP} = \frac{NQ}{OQ}\cdot\frac{OQ}{OP} + \frac{RP}{PQ}\cdot\frac{PQ}{OP}$$

या, $\sin(A+B) = \sin A.\cos B + \cos A.\sin B$

इसी प्रकार

$$\cos(A+B) = \frac{OM}{OP} = \frac{ON-MN}{OP} = \frac{ON-RQ}{OP} = \frac{ON}{OP} - \frac{RQ}{OP}$$

$$= \frac{ON}{OQ}\times\frac{OQ}{OP} - \frac{RQ}{PQ}\times\frac{PQ}{OP}$$

या, $\cos(A+B) = \cos A.\cos B - \sin A.\sin B$

पुनः $\tan(A+B) = \frac{PM}{OM} = \frac{MR+RP}{ON-MN} = \frac{NQ+RP}{ON-RQ} = \frac{\frac{NQ}{ON}+\frac{RP}{ON}}{\frac{ON}{ON}-\frac{RQ}{ON}}$

$$= \frac{\frac{NQ}{ON}+\frac{RP}{ON}}{1-\frac{RQ}{ON}}$$

$$= \frac{\frac{NQ}{ON}+\frac{RP}{ON}}{1-\frac{RQ}{RP}\times\frac{RP}{ON}} = \frac{\tan A + \frac{RP}{ON}}{1-\tan A\times\frac{RP}{ON}}$$

[$\because \Delta PRQ \sim \Delta ONQ (A-A-A$ शर्त से सदृश्य)

$\therefore \frac{PR}{ON} = \frac{PQ}{OQ} = \tan B$, या, $\frac{RP}{ON} = \tan B$]

$$\therefore \tan(A+B) = \frac{\tan A + \tan B}{1 - \tan A.\tan B}$$

सिद्ध कीजिए कि-

$$\sin(A-B) = \sin A, \cos B - \cos A.\sin B$$

$$\cos(A-B) = \cos A.\cos B + \sin A.\sin B$$

$$\tan(A-B) = \frac{\tan A - \tan B}{1 + \tan A.\tan B}$$ जहाँ $O < B < A \angle 90°$



आकृति-8

हल:- माना कि OX घ्रामक किरण घड़ी की सूई की विपरीत दिशा में चलकर OY पर पहुँचती है जहाँ $\angle XOY = A$ बनाती है। पुन: OY से घड़ी की सूई की दिशा में चलकर OZ पर पहुँचती है जहाँ $\angle YOZ = B$ बनाती है।

$\therefore \angle XOZ = A - B$

OZ पर P बिन्दु लिया। P से OX पर PM तथा OY पर PQ लम्ब खींचा। पुन: PM को R तक बढ़ाया। अब Q से OX पर QN तथा PM पर QR लम्ब खींचा।

इस प्रकार QRMN एक आयत है।

$\angle XOY = \angle RQY = A$ (संगत कोण)

$$\therefore \angle RPQ = 90^0 - \angle RQP = 90^0 - (90^0 - A) = 90^0 - 90^0 + A = A$$

अब, $\sin(A-B) = \sin POM = \frac{MP}{OP} = \frac{MR-PR}{OP} = \frac{NQ-PR}{OP} (\because MR = NQ).$

$$= \frac{NQ}{OP} - \frac{PR}{OP}$$

$$\frac{NQ}{OQ} \times \frac{OQ}{OP} - \frac{PR}{PQ} \times \frac{PQ}{OP}$$

$$= \sin A.\cos B - \cos A.\sin B.$$

पुन: $\cos(A-B) = \cos P\hat{O}M = \frac{OM}{OP} = \frac{ON+NM}{OP} = \frac{ON+QR}{OP} (\tilde{N}M - QR$

$$= \frac{ON}{OP} + \frac{QR}{OP}$$

$$= \frac{ON}{OQ} \times \frac{OQ}{OP} + \frac{QR}{PQ} \times \frac{PQ}{OP}$$

$$= \cos A.\cos B + \sin A.\sin B.$$

पुन: $\tan(A-B) \tan P\hat{O}M = \frac{PM}{OM} = \frac{MR-PR}{ON+NM} = \frac{NQ-PR}{ON+QR}$

या,

$$= \frac{\tan A - \frac{PR}{ON}}{1 + \tan A \times \frac{PR}{ON}}$$

($\because \Delta PRQ \sim \Delta ONQ \angle A - A - A$ सदृश्यता शर्त)

$$\therefore \frac{PR}{ON} - \frac{PQ}{OQ} = \tan B$$

$$\frac{PR}{ON} = \tan B$$

$$\tan(A-B) = \frac{\tan A - \tan B}{1 + \tan A.\tan B}$$

उदाहरण 1. $\sin 75^\circ = \sin(45^\circ + 30^\circ) = \sin 45^\circ.\cos 30^\circ + \cos 45^\circ.\sin 30^\circ$

$$= \frac{1}{\sqrt{2}} \times \frac{\sqrt{3}}{2} + \frac{1}{\sqrt{2}} \times \frac{1}{2}$$

$$= \frac{\sqrt{3}}{2\sqrt{2}} + \frac{1}{2\sqrt{2}}$$

$$= \frac{\sqrt{3}+1}{2\sqrt{2}}$$

उदाहरण 2. $\sin(A+B).\sin(A-B) = \sin^2 A - \sin^2 B$

हल:- बायाँ पक्ष $\sin(A+B).\sin(A-B)$

$$= (\sin A.\cos B + \cos A.\sin B)(\sin A.\cos B - \cos A.\sin B)$$

$$= (\sin A.\cos B)^2 - (\cos A.\sin B)^2$$

$$= \sin^2 A.\cos^2 B - \cos^2 A.\sin^2 B$$

$$= \sin^2 A(1-\sin^2 B) - (1-\sin^2 A)\sin^2 B$$

$$= \sin^2 A - \sin^2 A.\sin^2 B - \sin^2 B + \sin^2 A.\sin^2 B$$

$$= \sin^2 A - \sin^2 B$$

उदाहरण 3. $5\sin\theta + 12\cos\theta$ का महत्तम एवं न्यूनतम मान ज्ञात कीजिए।

हल:- $5\sin\theta + 12\cos\theta$

$\because \sqrt{5^2+12^2} = 13$

अत: 13 से भाग देने पर

$$13\left\{\frac{5}{13}\sin\theta + \frac{12}{13}\cos\theta\right\}$$

माना कि $\frac{5}{13} = \cos\alpha$

$$\therefore \frac{12}{13} = \sin\alpha$$

अत: $13\{\cos\alpha.\sin\theta + \sin\alpha.\cos\theta\}$

$13\{\sin(\theta+\alpha)\} = 13\sin(\theta+\alpha)$

$\because \sin(\theta+\alpha)$ का महत्तम मान +1, न्यूनतम मान=-1

$\therefore 5\sin\theta + 12\cos\theta$ महत्तम मान $13\times1 = 13$ तथा न्यूनतम मान $13(-1) = -13$

प्रश्नावली–4

1. मान ज्ञात कीजिए:

   (i) $\sin 15^\circ$ (ii) $\cos 15^\circ$ (iii) $\tan 75^\circ$ (iv) $\sin 105^\circ$

   (v) $\tan 105^\circ$ (vi) $\cot 15^\circ$

2. यदि $\sin A = \frac{12}{13}$ और $\sin B = \frac{15}{17}$ तो $\sin(A+B)$ और $\sin(A-B)$ का मान ज्ञात कीजिए।

3. यदि $\sin A = \frac{3}{5}$ और $\sin B = \frac{4}{5}$ तो $\sin(A+B)$ और $\sin(A-B)$ का मान ज्ञात कीजिए।

4. यदि $\tan A = \frac{4}{3}$ तथा $\angle B = 45^\circ$ तो $\tan(A-B)$ का मान ज्ञात कीजिए।

5. यदि $\cot A = \frac{11}{2}$, $\tan B = \frac{7}{24}$ तो $\cot(A-B)$ का मान ज्ञात कीजिए।

6. निम्नलिखित को विस्तारित करें:

   (i) $\sin(A+B+C)$ (ii) $\cos(A+B+C)$ (iii) $\tan(A+B+C)$

7. सिद्ध कीजिए कि:

   (i) $\tan(45^\circ + A) = \frac{1+\tan A}{1-\tan A}$

   (ii) $\tan(45^\circ - A) = \frac{1-\tan A}{1-\tan A}$

   (iii) $\sin(A+45^\circ) = \frac{1}{\sqrt{2}}(\sin A + \cos A)$

   (iv) $\sin(30^\circ - A) = \frac{1}{\sqrt{2}}(\cos A - \sqrt{3}\cos A)$

   (v) $\cos(45^\circ + A) + \sin(A - 45^\circ) = 0$

   (vi) $\cos(A+B) + \sin(A-B) = (\cos A + \sin A)(\cos B - \sin B)$

(vii) $\tan\left(\frac{\pi}{4}+A\right).\tan\left(\frac{\pi}{4}-A\right)=1$

(viii) $\frac{\tan\left(\frac{\pi}{4}+A\right)+\tan\left(\frac{\pi}{4}-A\right)}{\tan\left(\frac{\pi}{4}+A\right)-\tan\left(\frac{\pi}{4}-A\right)}=\cos ec2A$

8. सिद्ध कीजिए कि:

(i) $\frac{\tan 4A-\tan 3A}{1+\tan 4A.\tan 3A}=\tan A$

(ii) $2\sin(A+45^0).\sin(A-45^0)=\sin^2 A-\cos^2 A$

(iii) $\cos(30^0+A).\cos(30^0-A)-\sin(30^0+A).\sin(30^0-A)=\frac{1}{2}$

(iv) $\sin(60^0-A).\cos(30^0+A)+\cos(60^0-A).\sin(30^0+A)=1$

(v) $\frac{\cot(\alpha+\beta).\cot\alpha+1}{\cot\alpha-\cos(\alpha+\beta)}=\cot\beta$

(vi) $\cot^2 A+\tan A=\cos ec2A$

(vii) $\cos 4\theta.\cos\theta+\sin 4\theta.\sin\theta=\cos 2\theta.\cos\theta-\sin 2\theta.\sin\theta$

(viii) $\tan 5A-\tan 3A-\tan 2A=\tan 5A.\tan 3A.\tan 2A$

(ix) $\sin(n+1)\theta.\cos(n-1)\theta-\cos(n+1)\theta.\sin(n-1)\theta=\sin 2\theta$

9. सिद्ध कीजिए कि-

(i) $\sin(A+B).\sin(A-B)+\sin(B+C).\sin(B-C)+\sin(C+A).\sin(C-A)=0$

(ii) $\sin A.\sin(B-C)+\sin B.\sin(C-A)+\sin C.\sin(A-B)=0$

(iii) $\frac{\sin(B-C)}{\cos B.\cos C}+\frac{\sin(C-A)}{\cos C.\cos A}+\frac{\sin(A-B)}{\cos A.\cos B}=0$

(iv) $\tan 40^0+\tan 5^0+\tan 40^0.\tan 5^0=1$

(v) $\cot 27^0 + \cot 32^0 + \cot 31^0 = \cot 27^0 . \cot 32^0 . \cot 31^0$

(vi) $\sqrt{3} + \tan 40^0 + \tan 80^0 = \sqrt{3} \tan 40^0 . \tan 80^0$

10. यदि $A + B = \frac{\pi}{4}$ तो सिद्ध कीजिए कि $(\cot A - 1)(\cot B - 1) = 2$

11. निम्नलिखित का न्यूनतम एवं महत्तम मान ज्ञात कीजिए।

(i) $\sqrt{3} \sin\theta - \cos\theta$

(ii) $7\cos\theta + 24\sin\theta$

12. यदि $\tan\alpha = \frac{1}{2}, \tan\beta = \frac{1}{3}$ तो सिद्ध कीजिए कि $\alpha + \beta = \frac{\pi}{4}$

1.4 अनुपरिवर्तन सूत्र

प्रस्तावना: योग एवं गुणनफल से संबंधित सूत्र जिसे $A \pm B$ से हल कर सकते हैं-

सूत्र:

1. $2\sin A.\cos B = \sin(A+B) + \sin(A-B)$
2. $2\cos A.\sin B = \sin(A+B) - \sin(A-B)$
3. $2\cos A.\cos B = \cos(A+B) + \cos(A-B)$
4. $2\sin A.\sin B = \cos(A-B) - \cos(A+B)$
5. $\sin C + \sin D = 2\sin\frac{C+D}{2}.\cos\frac{C-D}{2}$
6. $\sin C - \sin D = 2\cos\frac{C+D}{2}.\sin\frac{C-D}{2}$
7. $\cos C + \cos D = \cos\frac{C+D}{2}.\cos\frac{C-D}{2}$
8. $\cos C - \cos D = 2\sin\frac{C+D}{2}.\sin\frac{D-C}{2} = -2\sin\frac{C+D}{2}.\sin\frac{C-D}{2}$

उदाहरण 1. सिद्ध कीजिए कि-

$$\sin C + \sin D = 2\sin\frac{C+D}{2}.\cos\frac{C-D}{2}$$

हल:-

$\because \sin(A+B) = \sin A.\cos B + \cos A.\sin B$ .....(1)

पुन:$\sin(A-B) = \sin A.\cos B - \cos A.\sin B$ .....(2)

(1)+(2) से

$\sin(A+B)+\sin(A-B) = 2\sin A.\cos B$ .....(3)

मान लिया कि-

$$A+B=C$$

$$A-B=D$$

जोड़ने पर- $2A=C+D$

$$A=\frac{C+D}{2}$$

घटाने पर- $2B=C-D$

$$B=\frac{C-D}{2}$$

(3) में मान रखने पर-

$$\sin C+\sin D = 2\sin\frac{C+D}{2}.\cos\frac{C-D}{2}$$

उदाहरण 2. सिद्ध कीजिए कि-

$$\frac{\sin 4A+\sin 10A-\sin 2A}{\cos 4A+\cos 10A+\cos 2A} = \tan 4A$$

हल:- बायाँ पक्ष $= \dfrac{\sin 4A+\sin 10A-\sin 2A}{\cos 4A+\cos 10A+\cos 2A}$

$$= \frac{\sin 4A+2\cos\frac{10A+2A}{2}.\sin\frac{10A-2A}{2}}{\cos 4A+2\cos\frac{10A+2A}{2}.\cos\frac{10A-2A}{2}}$$

$$= \frac{\sin 4A(1+2\cos 6A)}{\cos 4A(1+2\cos 6A)} = \tan 4A = \text{दायाँ पक्ष}$$

उदाहरण 3.सिद्ध कीजिए कि-

$$\sin 20^\circ.\sin 40^\circ.\sin 60^\circ.\sin 80^\circ = \frac{3}{16}$$

बायाँ पक्ष $= \sin 20^\circ.\sin 40^\circ.\sin 60^\circ.\sin 80^\circ$

$= \sin 60^\circ.\sin 80^\circ.\sin 40^\circ.\sin 20^\circ$

$= \frac{\sqrt{3}}{2}\left(\frac{1}{2}2\sin 80^\circ.\sin 40^\circ\right)\times \sin 20^\circ$

$= \frac{\sqrt{3}}{4}(2\sin 80^\circ.\sin 40^\circ)\times \sin 20^\circ$

$= \frac{\sqrt{3}}{4}\{\cos(80^\circ - 40^\circ) - \cos(80^\circ + 40^\circ)\}\times \sin 20^\circ$

$= \frac{\sqrt{3}}{4}\{\cos 40^\circ - \cos 120^\circ\}\sin 20^\circ$

$= \frac{\sqrt{3}}{4}\{\cos 40^\circ.\sin 20^\circ - \cos 120^\circ.\sin 20^\circ\}$

$= \frac{\sqrt{3}}{4}\left\{\frac{1}{2}\times 2\cos 40^\circ.\sin 20^\circ - \cos 120^\circ.\sin 20^\circ\right\}$

$= \frac{\sqrt{3}}{4}\left\{\frac{1}{2}(\sin 60^\circ - \sin 20^\circ) - (-\frac{1}{2})\sin 20^\circ\right\}$

$= \frac{\sqrt{3}}{4}\left\{\frac{1}{2}\sin 60^\circ - \frac{1}{2}\sin 20^\circ + \frac{1}{2})\sin 20^\circ\right\}$

$= \frac{\sqrt{3}}{4}\left\{\frac{1}{2}\sin 60^\circ\right\}$

$= \frac{\sqrt{3}}{4}\times\frac{1}{2}\times\frac{\sqrt{3}}{2}$

$= \frac{3}{16} =$ दायाँ पक्ष

उदाहरण 4. $\left(\frac{\cos A+\cos B}{\sin A-\sin B}\right)^n + \left(\frac{\sin A+\sin B}{\cos A-\cos B}\right)^n$

$= 2\cot^n\frac{A-B}{2}$ जहाँ n, समपूर्णांक है।

$= 0$ जहाँ n, विषमपूर्णांक है।

हलः- बायाँ पक्ष- $\left(\frac{\cos A+\cos B}{\sin A-\sin B}\right)^n+\left(\frac{\sin A+\sin B}{\cos A-\cos B}\right)^n$

$$=\left\{\frac{2\cos\frac{A+B}{2}.\cos\frac{A-B}{2}}{2\cos\frac{A+B}{2}.\sin\frac{A-B}{2}}\right\}^n+\left\{\frac{2\sin\frac{A+B}{2}.\cos\frac{A-B}{2}}{2\sin\frac{A+B}{2}.\sin\frac{B-A}{2}}\right\}^2$$

$$=\left(\cot\frac{A-B}{2}\right)^2+\left(-\cot\frac{A-B}{2}\right)^2$$

$$=\cot^n\frac{A-B}{2}+(-1)^n\cot^n\frac{A-B}{2}$$

माना कि $n=$ सम पूर्णांक

तब $(-1)^n=1$

$$=\cot^n\left(\frac{A-B}{2}\right)+\cot^2\frac{A-B}{2}=2\cot^n\frac{A-B}{2}$$

माना कि $n=$ विषम पूर्णांक

तब $(-1)^2=-1$ तब बायाँ पक्ष $=\cot^2\frac{A-B}{2}-\cot^n\frac{A-B}{2}=0$

प्रश्नावली-5

सिद्ध करें कि-

1. $\sin 40^0+\sin 20^0=\cos 10^0$
2. $\sin 60^0+\cos 20^0=2\sin 65^0.\sin 85^0$
3. $\sin 80^0-\sin 20^0=\cos 50^0$
4. $\sin 50^0+\sin 10^0=\sin 70^0$
5. $\cos 55^0+\cos 65^0+\cos 175^0=0$
6. $\cos 43^0+\cos 77^0=\cos 17^0$

7. $\cos(A+B).\cos(A-B)=\frac{1}{2}(\cos 2A+\cos 2B)$

8. $\frac{\sin 9A-\sin 7A}{\cos 7A-\cos 9A}=\cot 8A$

9. $\frac{\sin(4A-2B)+\sin(4B-2A)}{\cos(4A-2B)+\cos(4B-2A)}=\tan(A+B)$

10. $\frac{\cos\theta-\cos 3\theta}{\sin 3\theta-\sin\theta}=\tan 2\theta$

11. $\frac{\sin\theta+\sin 2\theta+\sin 3\theta}{\cos\theta+\cos 2\theta+\cos 3\theta}=\tan 2\theta$

12. $\frac{\sin A+\sin 3A+\sin 5A+\sin 7A}{\cos A+\cos 3A+\cos 5A+\cos 7A}=\tan 4A$

13. $\frac{\sin 3\theta+\sin 5\theta+\sin 7\theta+\sin 9\theta}{\cos 3\theta+\cos 5\theta+\cos 7\theta+\cos 9\theta}=\tan 6\theta$

14. $\cos 2\theta+\cos 4\theta+\cos 6\theta+\cos 8\theta=4\cos\theta.\cos 2\theta.\cos 5\theta$

15. $\cos A+\cos B+\cos C+\cos(A+B+C)$

$$=4\cos\frac{B+C}{2}.\cos\frac{C+A}{2}.\cos\frac{A+B}{2}$$

16. $\cos(\theta-120^\circ)+\cos(\theta+120^\circ)+\cos\theta=0$

17. $\sin(\theta-120^\circ)+\sin(\theta+120^\circ)+\sin\theta=0$

18. $\sin(60^\circ+\theta)+\sin(60^\circ-\theta)=\sqrt{3}\cos\theta$

19. $\sin(45^\circ+\theta)+\sin(45^\circ-\theta)=\sqrt{2}\cos\theta$

20. (i) $\cos 10^\circ.\cos 30^\circ.\cos 50^\circ.\cos 70^\circ=\frac{3}{16}$

(ii) $\cos 20^\circ.\cos 40^\circ.\cos 60^\circ.\cos 80^\circ=\frac{1}{16}$

(iii) $\sin 20^\circ.\sin 30^\circ.\sin 40^\circ.\sin 80^\circ=\frac{\sqrt{3}}{16}$

(iv) $\tan 20^0 . \tan 40^0 . \tan 80^0 = \sqrt{3}$

21. $\cos 18^0 - \sin 18^0 = \sqrt{2} \sin 27^0$

22. $\dfrac{\cos 10^0 - \sin 10^0}{\cos 10^0 + \sin 10^0} = \tan 35^0$

23. $\cos A + \cos B = a$ तथा $\sin A + \sin B = b$ तो सिद्ध कीजिए कि-

$$\tan \frac{A+B}{2} = \frac{b}{a}$$

24. $\operatorname{cosec} A + \sec A = \operatorname{cosec} B + \sec B$ तो $\tan A . \tan B . = \cot \dfrac{A+B}{2}$ सिद्ध कीजिए।

25. $\sin \theta = n \sin(\theta + 2\alpha)$ तो $\tan(\theta + \alpha) = \dfrac{1+n}{1-n} \tan \alpha$ सिद्ध कीजिए।

1.5 अपवर्त्य कोण (Multiple angle)

प्रस्तावना:

कोण nA (जहाँ $n=2,3,4.....$) को कोण A का अपवर्त्य कोण कहते हैं। हम यहाँ अपने को मुख्यत: n=2 और 3 पर सीमित रखेंगे।

आप जान चुके हैं कि–

$$\sin(A+B)=\sin A\cdot\cos B+\cos A\cdot\sin B$$

$$\cos(A+B)=\cos A\cdot\cos B-\sin A\cdot\sin B$$

$$\tan(A+B)=\frac{\tan A+\tan B}{1-\tan A\cdot\tan B}$$

अब मान लें कि $B=A$

$\therefore \quad \sin(A+A)=\sin A\cdot\cos A+\cos A\cdot\sin A$

या, $\quad \sin 2A=2\sin A\cdot\cos A$

इसी तरह $\cos 2A=\cos^2 A-\sin^2 A$

$$=2\cos^2 A-1$$

$$=1-2\sin^2 A$$

तथा $\quad \tan 2A=\frac{2\tan A}{1-\tan^2 A}$

$(A+B)$ का सूत्र A तथा B के किसी भी मान के लिए सत्य है, अत: $2A$ वाला सूत्र भी A के किसी भी मान के लिए सत्य होगा।

अब हम $2A$ सूत्र को स्वतंत्र रूप से ज्यामितीय विधि द्वारा स्थापित करेंगे। यहाँ हम सुविधा के लिए $2A$ का मान $90°$ से कम रखेंगे।

$2A$ कोण को त्रिकोणमितीय निष्पत्तियाँ ज्ञात करना जहाँ $2A<90°$



आकृति-9

मान लें कि O केन्द्र तथा XOX' व्यास वाला XPX' एक वृत्त है। वृत्त के केन्द्र O पर $\angle XOP = 24°$ का कोण बना है (जहाँ $24 < 90°$)

PX, PX' को मिलाकर, P से PN लम्ब XX' पर डालें।

अब $\angle XX'P = \frac{\angle XOP}{2} = A$ (क्यों?)

$\because$ $\angle XPX' = 90°$ (अर्द्धवृत्त का कोण)

$\therefore$ $\angle X'XP = 90° - A$

$\because$ $\angle PNX = 90°$; $\therefore$ $\angle XPN = A$

अब समकोण ΔPON में,

$$\sin 2A = \frac{PN}{OP} = \frac{2PN}{2OP}$$

$$= \frac{2PN}{XX'} \qquad (OP = \text{अर्धव्यास})$$

$$= \frac{2PN}{XX'} \times \frac{PX'}{XX'} = 2\sin A \cdot \cos A$$

पुन: $$\cos 2A = \frac{ON}{OP} = \frac{2ON}{2OP} = \frac{ON + ON}{XX'}$$

$$= \frac{(X'N - OX') + (OX - NX)}{XX'} = \frac{X'N - NX}{XX'}$$

$$= \frac{X'N}{XX'} - \frac{NX}{XX'}$$

$$= \frac{X'N}{PX'} \times \frac{PX'}{XX'} - \frac{NX}{PX} \times \frac{PX}{XX'}$$

$$= \cos A \cdot \cos A - \sin A \cdot \sin A = \cos^2 A - \sin^2 A$$

$$= 2\cos^2 A - 1 = 1 - 2\sin^2 A$$

पुन: $$\tan 2A = \frac{PN}{ON} = \frac{2PN}{2ON} = \frac{2PN}{X'N - NX}$$

$$= \frac{\frac{2PN}{X'N}}{\frac{X'N}{X'N} - \frac{NX}{X'N}} \qquad (X'N \text{ से भाग देने पर})$$

$$= \frac{\frac{2PN}{X'N}}{1 - \frac{NX}{PN} \times \frac{PN}{X'N}} = \frac{2\tan A}{1 - \tan^2 A}$$

यहाँ सूत्र की स्थापना में $2A \angle 90°$ माना गया है। छात्रों को समझना चाहिए कि ये सूत्र $2A$ या A के किसी भी मान के लिए सत्य है।

उदाहरण:सिद्ध करें-

(i) $\sin 2A = \frac{2\tan A}{1+\tan^2 A}$

(ii) $\cos 2A = \frac{1-\tan^2 A}{1+\tan^2 A}$

हल:- (i) बायाँ पक्ष $= \sin 2A$

$$= 2\sin A \cdot \cos A$$

$$= \frac{2\sin A \cos A}{\cos^2 A + \sin^2 A}$$

$$= \frac{\frac{2\sin A \cdot \cos A}{\cos^2 A}}{\frac{\cos^2 A}{\cos^2 A} + \frac{\sin^2 A}{\cos^2 A}}$$

($\cos^2 A$ से भाग देने पर जहाँ $A \neq 90°$)

$$= \frac{2\tan A}{1+\tan^2} = \text{दायाँ पक्ष}$$

(ii) बायाँ पक्ष $= \cos 2A = \cos^2 A - \sin^2 A$

$$= \frac{\cos^2 A - \sin^2 A}{\cos^2 A + \sin^2 A}$$

$$= \frac{\frac{\cos^2 A}{\cos^2 A} - \frac{\sin^2 A}{\cos^2 A}}{\frac{\cos^2 A}{\cos^2 A} + \frac{\sin^2 A}{\cos^2 A}}$$

($\cos^2 A$ से भाग देने पर जहाँ $A \neq 90°$)

$$= \frac{1-\tan^2 A}{1+\tan^2 A}$$

उपरोक्त दोनों संबंध आगे सूत्र का कार्य करेगा।

3A कोण का सूत्र ज्ञात करना:

अब हम 2A तथा (A+B) सूत्र की मदद से 3A का A के रूप में सूत्र ज्ञात करेंगे।

(i) $\sin 3A = 3\sin A - 4\sin^3 A$

(ii) $\cos 3A = 4\cos^3 A - 3\cos A$

(iii) $\tan 3A = \dfrac{3\tan A - \tan^3 A}{1 - 3\tan^2 A}$

हल:

(i) $\sin 3A = \sin(2A + A)$

$= \sin 2A \cdot \cos A + \cos 2A \cdot \sin A$

$= 2\sin A \cdot \cos A \cdot \cos A + (1 - 2\sin^2 A) \cdot \sin A$

(sin 2A तथा cos 2A का मान बैठाने पर)

$= 2\sin A \cdot \cos^2 A + \sin A(1 - 2\sin^2 A)$

$= 2\sin A(1 - \sin^2 A) + \sin A(1 - 2\sin^2 A)$

$= 3\sin A - 4\sin^3 A$

(ii) $\cos 3A = \cos(2A + A)$

$= \cos 2A \cdot \cos A - \sin 2A \cdot \sin A$

$= (2\cos^2 A - 1)\cos A - 2\sin A \cdot \cos A \cdot sonA$

$= (2\cos^2 A - 1)\cos A - 2\sin^2 A \cdot \cos A$

$= (2\cos^2 A - 1)\cos A - 2(1 - \cos^2 A)\cos A$

$= 4\cos^3 A - 3\cos A$

(iii) $\tan 3A = \tan(2A + A)$

$= \dfrac{\tan 2A + \tan A}{1 - \tan 2A \cdot \tan A}$

$= \dfrac{\dfrac{2\tan A}{1 - \tan^2 A} + \tan A}{1 - \dfrac{2\tan A}{1 - \tan^2 A} \times \tan A}$

$$= \frac{2\tan A + \tan A(1-\tan^2 A)}{(1-3\tan^2 - 2\tan^2 A)}$$

$$= \frac{3\tan A - \tan^3 A}{1-3\tan^2 A}$$

उपरोक्त सूत्र को $(A+B+C)$ के सूत्र से भी ज्ञात कर सकते हैं।

$\because$ $\sin(A+B+C) = \sin A \cdot \cos B \cdot \cos C + \sin B \cdot \cos A \cdot \cos C$

$$+\sin C \cdot \cos A \cdot \cos B - \sin A \cdot \sin B \cdot \sin C$$

$$\cos(A+B+C) = \cos A \cdot \cos B \cdot \cos C - \sin B \cdot \sin C \cdot \cos A$$

$$-\sin A \cdot \sin C \cdot \cos B - \sin A \cdot \sin B \cdot \cos C$$

$$\tan(A+B+C) = \frac{\tan A + \tan B + \tan C - \tan A \cdot \tan B \cdot \tan C}{1 - \tan A \cdot \tan B - \tan B \cdot \tan C - \tan C \cdot \tan A}$$

अब इन सूत्रों में $B = C = A$ रखने पर,

$$\sin 3A = \sin A \cdot \cos^2 A + \sin A \cdot \cos^2 A + \sin A \cdot \cos^2 A - \sin^3 A$$

$$= 3\sin A(1-\sin^2 A) - \sin^3 A$$

$$= 3\sin A - 4\sin^3 A$$

इसी प्रकार, $\cos 3A = \cos^3 A - \sin^2 A \cdot \cos A - \sin^2 A \cdot \cos A - \sin^2 A \cdot \cos^2 A$

$$= \cos^3 A - 3\sin^2 A \cdot \cos A$$

$$= \cos^3 A - 3(1-\cos^2 A)\cos A$$

$$= 4\cos^3 A - 3\cos A$$

तथा $\tan 3A = \frac{3\tan A - \tan^3 A}{1-3\tan^2 A}$

प्रमुख-सूत्र

(i) $\sin 2A = 2\sin A \cdot \cos A = \dfrac{2\tan A}{1+\tan^2 A}$

(ii) $\cos 2A = \cos^2 A - \sin^2 A = 2\cos^2 A - 1 = 1 - 2\sin^2 A = \dfrac{1-\tan^2 A}{1+\tan^2 A}$

(iii) $\tan 2A = \dfrac{2\tan A}{1-\tan^2 A}$

(iv) $1+\cos 2A = 2\cos^2 A$

(v) $1-\cos 2A = 2\sin^2 A$

(vi) $\sin 3A = 3\sin A - 4\sin^3 A$

(vii) $\cos 3A = 4\cos^3 A - 3\cos A$

(viii) $\tan 3A = \dfrac{3\tan A - \tan^3 A}{1-3\tan^2 A}$

उदाहरण: 2 यदि $\sin\alpha = \dfrac{4}{5}$ (जहाँ $\alpha < 90°$) तो $\sin 2\alpha$ का मान बतावें।

हल: $\because \quad \sin\alpha = \dfrac{4}{5}$

$\therefore \quad \cos\alpha = \sqrt{1-\sin^2\alpha}$ ($\because \cos\alpha$ धनात्मक है।)

$= \dfrac{3}{5}$

अब $\sin 2\alpha = 2\sin\alpha \cdot \cos\alpha$

$= 2 \times \dfrac{4}{5} \times \dfrac{3}{5} = \dfrac{24}{25}$

उपरोक्त प्रश्न में $\alpha < 90°$ अतः $\cos\alpha$ का धनात्मक मान लिया गया है। यदि α में शर्त नहीं रहता, $\cos\alpha$ का धनात्मक तथा ऋणात्मक दोनों मान संभव है। हम यहाँ सुविधा के लिए सिर्फ धनात्मक मान लेंगे।

उदाहरण: 3 सिद्ध करें कि-

$$\frac{\sin\theta+\sin 2\theta}{1+\cos\theta+\cos 2\theta}=\tan\theta$$

हल: बायाँ पक्ष $=\frac{\sin\theta+\sin 2\theta}{1+\cos\theta+\cos 2\theta}$

$$=\frac{\sin\theta+2\sin\theta\cdot\cos\theta}{2\cos^2\theta+\cos\theta}$$

$$=\frac{\sin\theta(1+2\cos\theta)}{\cos\theta(2\cos\theta+1)}$$

$$=\tan\theta$$

उदाहरण: 4 मान बतावें-

(i) $\sin 18°$ (ii) $\cos 18°$

(iii) $\cos 36°$ (iv) $\sin 36°$

(v) $\sin 22\frac{1°}{2}$ (vi) $\cos 22\frac{1°}{2}$

(vii) $\tan 22\frac{1°}{2}$

हल: (i) मान लें कि-

$A=18°$

या, $5A=90°$

या, $2A=90°-3A$

या, $\sin 2A=\sin(90°-3A)=\cos 3A$

या, $2\sin A\cdot\cos A=4\cos^3 A-3\cos A$

या, $2\sin A=4\cos^2 A-3$

($\because \cos A=\cos 18°\neq$, $\therefore$ cos से भाग देने पर)

या, $2\sin A=4(1-\sin^2 A)-3$

या, $4\sin^2 A+2\sin A-1=0$

या, $\sin A=\frac{-2\pm\sqrt{(2)^2-4\cdot 4(-1)}}{2\times 4}$

$$= \frac{-2 \pm 2\sqrt{5}}{8} = \frac{-1 \pm \sqrt{5}}{4}$$

$$= \frac{-1+\sqrt{5}}{4}, \quad \text{या;} \quad \frac{-1-\sqrt{5}}{4}$$

$\because \sin A = \sin 18°$ का मान धनात्मक है,

$\therefore$ ऋणात्मक मान को छोड़ते हुए,

$$\sin A = \sin 18° = \frac{\sqrt{5}-1}{4}$$

$$= \cos 72° \quad \text{(क्यों?)}$$

(ii) $\cos 18° = +\sqrt{1-\sin^2 18°}$

$$= \sqrt{1-\left(\frac{\sqrt{5}+1}{4}\right)^2}$$

$$= \sqrt{\frac{16-(5+1-2\sqrt{5}}{16}}$$

$$= \frac{\sqrt{10+2\sqrt{5}}}{4} = \sin 72° \quad \text{(क्यों?)}$$

(iii) $\cos 36° = \cos 2(18°)$

$$= 1 - 2\sin^2 18°$$

अब $\sin 18°$ का मान रखने पर,

$$\cos 36° = 1 - 2\left(\frac{\sqrt{5}-1}{4}\right)^2$$

$$= \frac{8-6+2\sqrt{5}}{8} = \frac{2+2\sqrt{5}}{8}$$

$$= \frac{\sqrt{5}+1}{4} = \sin 54° \quad \text{(क्यों?)}$$

(iv) $\sin 36° = +\sqrt{1-\cos^2 36°}$ ($\because \sin 36°$ का मान धनात्मक है।)

$$= \sqrt{1-\left(\frac{\sqrt{5}+1}{4}\right)^2}$$

$$= \sqrt{\frac{16-(5+1+2\sqrt{5}}{16}}$$

$$= \sqrt{\frac{10-2\sqrt{5}}{16}}$$

$$= \frac{\sqrt{10-2\sqrt{5}}}{4}$$

$$= \cos 54^\circ \quad \text{(क्यों?)}$$

(v) $2\sin^2 22\frac{1^\circ}{2} = 1 - \cos 2 \times (22\frac{1^\circ}{2})$

$$= 1 - \cos 45^\circ = 1 - \frac{1}{\sqrt{2}}$$

$$= \frac{\sqrt{2}-1}{\sqrt{2}} = \frac{2-\sqrt{2}}{2}$$

या, $\sin^2 22\frac{1^\circ}{2} = \frac{2-\sqrt{2}}{4}$

या, $\sin 22\frac{1^\circ}{2} = \frac{\sqrt{2-\sqrt{2}}}{2}$ ($\because \sin 22\frac{1^\circ}{2}$ का मान धनात्मक है)

(vi) $2\cos^2 22\frac{1^\circ}{2} = 1 + \cos 45^\circ$

$$= 1 + \frac{1}{\sqrt{2}}$$

$$= \frac{\sqrt{2}+1}{\sqrt{2}}$$

$$= \frac{2+\sqrt{2}}{2}$$

या, $\cos^2 22\frac{1^\circ}{2} = \frac{2+\sqrt{2}}{4}$

या, $\cos 22\frac{1^\circ}{2} = +\frac{\sqrt{2+\sqrt{2}}}{2}$ ($\because \cos 22\frac{1^\circ}{2}$ का मान धनात्मक है)

(vii) $\tan^2 22\frac{1^\circ}{2} = \frac{\sin^2 22\frac{1^\circ}{2}}{\cos^2 22\frac{1^\circ}{2}}$

$$= \frac{2\sin^2 22\frac{1^\circ}{2}}{2\cos^2 22\frac{1^\circ}{2}} = \frac{1-\cos 45^\circ}{1+\cos 45^\circ}$$

$$= \frac{1-\frac{1}{\sqrt{2}}}{1+\frac{1}{\sqrt{2}}} = \frac{\sqrt{2}-1}{\sqrt{2}+1}$$

$$= \frac{(\sqrt{2}-1)^2}{1}$$

$\therefore \tan 22\frac{1^\circ}{2} = \sqrt{2}-1$

($\because \tan 22\frac{1^\circ}{2}$ का मान धनात्मक है।)

उदाहरण: 5 सिद्ध करें कि-

$$\cot 3A = \frac{\cot^3 A - 3\cot A}{3\cot^2 A - 1}$$

हल: $\because \quad \tan 3A = \frac{3\tan A - \tan^3 A}{1-3\tan^2 A}$

या, $\cot 3A = \frac{1}{\tan 3A} = \frac{1-3\tan^2 A}{3\tan A - \tan^3 A}$

$$= \frac{1-\frac{3}{\cot^2 A}}{\frac{3}{\cot A} - \frac{1}{\cot^3 A}} = \frac{\frac{\cot^2 A - 3}{\cot^2 A}}{\frac{3\cot^2 A - 1}{\cot^3 A}}$$

$$= \frac{\cot^2 A - 3}{\cot^2 A} \times \frac{\cot^3 A}{3\cot^2 A - 1}$$

$$= \frac{\cot^3 A - 3\cot A}{3\cot^2 A - 1}$$

उदाहरण: 6 सिद्ध करें कि-

(i) $\frac{1}{\sin 10^\circ} - \frac{\sqrt{3}}{\cos 10^\circ} = 4$

(ii) $\sin 20^\circ \cdot \sin 40^\circ \cdot \sin 60^\circ \cdot \sin 80^\circ = \frac{3}{16}$

(iii) $\cos 20^\circ \cdot \cos 40^\circ \cdot \cos 60^\circ \cdot \cos 80^\circ = \frac{1}{16}$

(iv) $\tan A \cdot \tan(60^\circ - A) \cdot \tan(60^\circ + A) = \tan 3A$

हल:

(i) $\frac{1}{\sin 10^\circ} - \frac{\sqrt{3}}{\cos 10^\circ}$

$$= \frac{\cos 10^\circ - \sqrt{3}\sin 10^\circ}{\sin 10^\circ \cdot cis 10^\circ}$$

$$= \frac{\frac{1}{2}\cos 10^\circ - \frac{\sqrt{3}}{2}\sin 10^\circ}{\frac{1}{2}\sin 10^\circ \cdot \cos 10^\circ}$$

$$= \frac{\sin 30^\circ \cdot \cos 10^\circ - \cos 30^\circ \cdot \sin 10^\circ}{\frac{1}{4} \times 2\sin 10^\circ \cdot \cos 10^\circ}$$

$$= \frac{\sin 20^\circ}{\frac{1}{4}\sin 20^\circ} = 4$$

(ii) $\sin 20^\circ \cdot \sin 40^\circ \cdot \sin 60^\circ \cdot \sin 80^\circ$

$$= \frac{\sqrt{3}}{2}\sin 20^\circ \cdot \sin 40^\circ \cdot \sin 80^\circ$$

$$= \frac{\sqrt{3}}{2}\sin 20^\circ \cdot \sin(60^\circ - 20^\circ) \cdot \sin(60^\circ + 20^\circ)$$

$$= \frac{\sqrt{3}}{2}\sin 20^\circ \{\sin^2 60^\circ - \sin^2 20^\circ)\}$$

$$= \frac{\sqrt{3}}{2}\sin 20^\circ \left\{\frac{3}{4} - \sin^2 20^\circ\right\}$$

$$= \frac{\sqrt{3}}{2}\left\{\frac{3\sin 20° - 4\sin^3 20°}{4}\right\}$$

$$= \frac{\sqrt{3}}{2} \cdot \frac{\sin 3\times 20°}{4}$$

$$= \frac{\sqrt{3}}{8}\sin 60° = \frac{3}{16}$$

(iii) $\cos 20° \cdot \cos 40° \cdot \cos 60° \cdot \cos 80°$

$$= \frac{1}{2}\cos 20°\{\cos 40° \cdot \cos 80°\}$$

$$= \frac{1}{2}\cos 20°\{\cos(60° - 20°) \cdot \cos(60° + 20°)\}$$

$$= \frac{1}{2}\cos 20°\left\{\cos^2 60° - \sin^2 20°\right\}$$

$$= \frac{1}{2}\cos 20°\left\{\frac{1}{4} - 1 + \cos^2 20°\right\}$$

$$= \frac{1}{2}\cos 20°\left\{\cos^2 20° - \frac{3}{4}\right\}$$

$$= \frac{1}{2}\frac{4\cos^3 20° - 3\cos 20°}{4}$$

$$= \frac{1}{8} \times \cos 60° = \frac{1}{16}$$

(iv) $\tan A \cdot \tan(60° - A) \cdot \tan(60 + A)$

$$= \frac{\sin A}{\cos A} \cdot \frac{\sin(60° - A)}{\cos(60° - A)} \cdot \frac{\sin(60° + A)}{\cos(60° + A)}$$

$$= \frac{\sin A(\sin^2 60° - \sin^2 A)}{\cos A(\cos^2 60° - \sin^2 A)}$$

$$= \frac{\sin A\left(\frac{3}{4} - \sin^2 A\right)}{\cos A\left(\frac{1}{4} - 1 + \cos^2 A\right)}$$

$$= \frac{\frac{3\sin A - 4\sin^3 A}{4}}{\frac{4\cos^3 A - 3\cos A}{4}}$$

$$= \frac{\sin 3A}{\cos 3A} = \tan 3A$$

उदाहरण 7 यदि $A = \frac{\pi}{13}$, हो तो सिद्ध करें कि-

$$\cos A \cdot \cos 2A \cdot \cos 3A \cdot \cos 4A \cdot \cos 5A \cdot \cos 6A = \frac{1}{64}$$

हल: बायाँ पक्ष $= \cos A \cdot \cos 2A \cdot \cos 3A \cdot \cos 4A \cdot \cos 5A \cdot \cos 6A$

$$= \frac{2\sin A \cdot \cos A \cdot \cos 2A \cdot \cos 3A \cdot \cos 4A \cdot \cos 5A \cdot \cos 6A}{2\sin A}$$

($\because \sin A \neq 0, \therefore 2\sin A$ से गुणा तथा भाग करने पर)

$$= \frac{\sin 2A \cdot \cos 2A \cdot \cos 3A \cdot \cos 4A \cdot \cos 5A \cdot \cos 6A}{2\sin A}$$

$$= \frac{2\sin 2A \cdot \cos 2A \cdot \cos 3A \cdot \cos 4A \cdot \cos 5A \cdot \cos 6A}{4\sin A}$$

$$= \frac{\sin 4A \cdot \cos 4A \cdot \cos 3A \cdot \cos 5A \cdot \cos 6A}{4\sin A}$$

$$= \frac{2\sin 4A \cdot \cos 4A \cdot \cos 3A \cdot \cos 5A \cdot \cos 6A}{8\sin A}$$

$$= \frac{\sin 8A \cdot \cos 3A \cdot \cos 5A \cdot \cos 6A}{8\sin A}$$

($\because 13A = \pi, \therefore 8A = \pi - 5A$ या, $\sin 8A = \sin 5A$)

$$= \frac{\sin 5A \cdot \cos 5A \cdot \cos 3A \cdot \cos 6A}{8\sin A}$$

$$= \frac{\sin 10A \cdot \cos 3A \cdot \cos 6A}{16\sin A}$$

$$= \frac{\sin 3A \cdot \cos 3A \cdot \cos 6A}{16\sin A}$$

($\because \sin 10A = \sin 3A$)

$$= \frac{\sin 6A \cdot \cos 6A}{32 \sin A}$$

$$= \frac{\sin 12A}{64 \sin A}$$

$$= \frac{1}{64} \quad (\because \sin 12A = \sin A)$$

= दायाँ पक्ष सिद्ध हुआ।

उदाहरण: 8 सिद्ध करें कि-

$$\frac{\sin 2\alpha}{\sin \alpha} - \frac{1+\cos 2\alpha}{\cos \alpha} = 0$$

हल: बायाँ पक्ष $= \frac{2\sin \alpha \cdot \cos \alpha}{\sin \alpha} - \frac{2\cos^2 \alpha}{\cos \alpha}$

$$= 2\cos \alpha - 2\cos \alpha$$

$$= 0$$

उदाहरण: 9 सिद्ध करें कि-

$$\sin 5\theta = 16\sin^5 \theta - 20\sin^3 \theta + \sin \theta$$

हल: प्रथम विधि:

$$\sin 5\theta = \sin(3\theta + 2\theta)$$

$$= \sin 3\theta \cdot \cos 2\theta + \cos 3\theta \cdot \sin 2\theta$$

$$= (3\sin \theta - 4\sin^3 \theta)(1 - 2\sin^2 \theta) + (4\cos^3 \theta - 3\cos \theta) \cdot 2\sin \theta \cdot \cos \theta$$

$$= (3\sin \theta - 6\sin^3 \theta - 4\sin^3 \theta + 2\sin \theta \cdot \cos^2 \theta (4\cos^2 - 3)$$

$$= (3\sin \theta - 10\sin^3 \theta + 8\sin^5 \theta) + 2\sin \theta (1 - \sin^2 \theta)\{4(1 - \sin^2 \theta) - 3\}$$

$$= (3\sin \theta - 10\sin^3 \theta + 8\sin^5 \theta) + (2\sin \theta - 8\sin^3 \theta - 2\sin^3 \theta + 8\sin^5 \theta)$$

$$= 16\sin^5 \theta - 20\sin^3 \theta + 5\sin \theta$$

द्वितीय विधि:

$$\sin 5\theta+\sin\theta=2\sin\frac{5\theta+\theta}{2}\cdot\cos\frac{5\theta-\theta}{2}$$

$$=2\sin 3\theta\cdot\cos 2\theta$$

$$=2(3\sin\theta-4\sin^3\theta)(1-2\sin^2\theta)$$

$$=2(3\sin\theta-6\sin^3\theta-4\sin^3\theta+8\sin^5\theta)$$

$$=6\sin\theta-20\sin^3\theta+16\sin^5\theta$$

$$\therefore \sin 5\theta=16\sin^5\theta-20\sin^3\theta+5\sin\theta$$

उदाहरण: 10 यदि समीकरण $a\cos 2\theta+b\sin 2\theta=c$ के दो असमान मूल α तथा β हो, तो सिद्ध करें कि-

(i) $\tan\alpha+\tan\beta=\frac{2b}{c+a}$

(ii) $\tan\alpha\cdot\tan\beta=\frac{c-a}{c+a}$

हल: दिए हुए समीकरण $a\cos 2\theta+b\sin 2\theta=c$ में,

$$\cos 2\theta=\frac{1-\tan^2\theta}{1+\tan^2\theta}$$

$$\sin 2\theta=\frac{2\tan\theta}{1+\tan^2\theta}$$

$$a\left(\frac{1-\tan^2\theta}{1+\tan^2\theta}\right)+b\left(\frac{2\tan\theta}{1+\tan^2\theta}\right)=c$$

या, $(a+c)\tan^2\theta-2b\tan\theta+(c-a)=0$

यह $\tan\theta$ में एक द्विघात समीकरण है,

$\therefore$ इसके दो मूल $\tan\alpha$ एवं $\tan\beta$ होंगे।

$$\therefore \tan\alpha+\tan\beta=\frac{2b}{c+a}$$

एवं $\tan\alpha\cdot\tan\beta=\frac{c-a}{c+a}$

प्रश्नावली-6

1. यदि $\sin\alpha = \frac{12}{13}(\alpha < 90°)$ तो $\sin 2\alpha$ का मान बतावें।

2. यदि $\tan\alpha = \frac{16}{63}$ तो $\cos 2\alpha$ का मान बतावें।

3. यदि $\tan\theta = \frac{b}{a}$ तो $a\cos 2\theta + b\sin 2\theta$ का मान बतावें।

4. यदि $\sin A = 0{\cdot}1$ तो $\sin 3A$ का मान बतावें।

5. यदि $\cos A = \frac{1}{3}$ तो $\cos 3A$ का मान बतावें।

6. सिद्ध करें कि-

(i) $1 + \tan A \cdot \tan 2A = \sec 2A$

(ii) $\cot\theta - \tan\theta = 2\cot 2\theta$

(iii) $\frac{\sin 2A}{1+\cos 2A} = \tan A$

(iv) $\frac{1-\cos 2A}{1+\cos 2A} = \tan^2 A$

(v) $\frac{\sin 2A}{1-\cos 2A} = \cot A$

(vi) $\frac{1+\tan^2(45°-\theta)}{1-\tan^2(45°-\theta)} = \cos ec 2\theta$

(vii) $\frac{\cos A+\sin A}{\cos A-\sin A} - \frac{\cos A-\sin A}{\cos A+\sin A} = 2\tan 2A$

(viii) $\cos 5\theta = 16\cos^5\theta - 20\cos^3\theta + 5\cos\theta$

(ix) $\sin 8\theta = 8\sin\theta\cdot\cos\theta\cdot\cos 2\theta\cdot\cos 4\theta$

(x) $\sin A\cdot\sin(60°-A)\cdot\sin(60°+A) = \frac{1}{4}\sin 3A$

(xi) $\cos A\cdot\cos(60°-A)\cdot\cos(60°+A) = \frac{1}{4}\cos 3A$

(xii) $\tan 15° + \cot 15° = 4$

(xiii) $\cos^3\theta\cdot\sin^3\theta-\sin^3\theta\cdot\cos\theta=\frac{1}{4}\sin 4\theta$

(xiv) $4(\cos^3 10°+\sin^3 20°)=3(\cos 10+\sin 20°)$

(xv) $\cos^3 A\cdot\cos 3A+\sin^3 A\cdot\sin 3A=\cos^3 2A$

(xvi) $\cos^3 A\cdot\sin 3A+\sin^3 A\cdot\cos 3A=\frac{3}{4}\sin 4A$

(xvii) $\cos\frac{2\pi}{15}\cdot\cos\frac{4\pi}{15}\cdot\cos\frac{8\pi}{15}\cdot\cos\frac{14\pi}{15}=\frac{1}{16}$

(xviii) $\cos\theta\cdot\cos 2\theta\cdot\cos 3\theta\cdot\cos 4\theta\cdot\cos 5\theta=\frac{1}{32}\quad\left(\text{जहाँ}\theta=\frac{\pi}{11}\right)$

(xix) $\frac{\cot A}{\cot A-\cot 3A}+\frac{\tan A}{\tan A-\tan 3A}=1$

(xx) $\frac{1}{\tan 3A+\tan A}-\frac{1}{\cot 3A+\cot A}=\cot 4A$

(xxi) $\frac{\sin 3\alpha}{\sin\alpha}+\frac{\cos 3\alpha}{\cos\alpha}=4\cos 2\alpha$

(xxii) $\cot\theta\cdot\cot(60°+\theta)\cdot\cot(60°-\theta)=\cot 3\theta$

(xxiii) $8\cos^3 40°=6\cos 40°-1$

7. यदि $\cos A+\cos B+\cos C=0$ तो सिद्ध करें कि-

$$\cos 3A+\cos 3B+\cos 3C=12\cos A\cdot\cos B\cdot\cos C$$

(यदि $a+b+c=0$ तो $a^3+b^3+c^3=3abc$ की मदद लें)

8. यदि $\tan\theta=\sec 2\alpha$ तो सिद्ध करें कि-

$$\sin 2\theta=\frac{1-\tan^4\alpha}{1+\tan^4\alpha}$$

9. सिद्ध करें कि-

$$(\cos 4\theta-\cos 4\alpha)=8(\cos\theta-\cos\alpha)(\cos\theta+\cos\alpha)$$
$$(\cos\theta-\sin\alpha)(\cos\theta+\sin\alpha)$$

—

1.6 अपवर्तक कोण (Sub-multiple angles)

प्रस्तावना:

कोण nA (जहाँ $n=\frac{1}{2}$ या $\frac{1}{3}$ या $\frac{1}{4}$....)को कोण A का अपवर्तक (Sub-mulipie angles) कहते हैं। इस अध्याय में कोण A की त्रिकोणमितीय निष्पत्तियों को मुख्यत: कोण $\frac{A}{2}, \frac{A}{3}$, कोणों की त्रिकोणमितीय निष्पत्तियाँ के पदों में व्यक्त करेंगे।

कोण A की त्रिकोणमितीय निष्पतियों को कोण $\frac{A}{2}$ की त्रिकोणमितीय निष्पतियों में व्यक्त करना (To express the trigonometrical ratios of angle A interms of trigonometrical ratios of angle $\frac{A}{2}$):

सिद्ध करें कि-

(i) $\sin A = 2\sin\frac{A}{2}\cdot\cos\frac{A}{2}$

$$=\frac{2\tan\frac{A}{2}}{1+\tan^2\frac{A}{2}}$$

(ii) $\cos A = \cos^2\frac{A}{2}-\sin^2\frac{A}{2}=2\cos^2\frac{A}{2}-1$

$$=1-2\sin^2\frac{A}{2}=\frac{1-\tan^2\frac{A}{2}}{1+\tan^2\frac{A}{2}}$$

(iii) $\tan A=\frac{2\tan\frac{A}{2}}{1-\tan^2\frac{A}{2}}$

हल: (i) आप जानते हैं कि-

$$\sin 2\theta = 2\sin\theta\cdot\cos\theta=\frac{2\tan\theta}{1+\tan^2\theta}$$

मान लें कि $2\theta = A$

$\therefore \quad \theta = \frac{A}{2}$

2θ तथा θ के मान को रखने पर,

$$\sin A = 2\sin\frac{A}{2}\cdot\cos\frac{A}{2} = \frac{2\tan\frac{A}{2}}{1+\tan^2\frac{A}{2}}$$

(ii) $\cos 2\theta = \cos^2\theta - \sin^2\theta = 2\cos^2\theta - 1 = 1 - 2\sin^2\theta$

$$= \frac{1-\tan^2\theta}{1+\tan^2\theta}$$

मान लें कि $2\theta = A, \quad \therefore \quad \theta = \frac{A}{2}$

2θ तथा θ का मान उपरोक्त सर्वसमिका (तादात्म्य) में रखने पर,

$$\cos A = \cos^2\frac{A}{2} - \sin^2\frac{A}{2} = 2\cos^2\frac{A}{2} - 1 = 1 - 2\sin^2\frac{A}{2}$$

$$= \frac{1-\tan^2\frac{A}{2}}{1+\tan^2\frac{A}{2}}$$

(iii) इसी प्रकार $\tan 2\theta = \frac{2\tan\theta}{1-\tan^2\theta}$ से आप सिद्ध कर सकते हैं कि-

$$\tan A = \frac{2\tan\frac{A}{2}}{1-\tan^2\frac{A}{2}}$$

उदाहरण:1 सिद्ध करें कि-

(i) $1+\cos A = 2\cos^2\frac{A}{2}$

(ii) $1-\cos A = 2\sin^2\frac{A}{2}$

हल: (i) $1+\cos A = A + 2\cos^2\frac{A}{2} - 1$

$= 2\cos^2\frac{A}{2}$

(ii) $1-\cos A = A-\left(1-2\sin^2\frac{A}{2}\right)$

$= 2\sin^2\frac{A}{2}$

उदाहरण:2 $\cos A$ के मान से $\sin\frac{A}{2}$ तथा $\cos\frac{A}{2}$ का मान ज्ञात करना:

हल: $\because \quad 2\cos^2\frac{A}{2} = 1+\cos A$

or $\quad \cos\frac{A}{2} = \pm\sqrt{\frac{1+\cos A}{2}} \quad \text{.....(i)}$

पुन: $\quad 2\sin^2\frac{A}{2} = 1-\cos A$

या, $\quad \sin\frac{A}{2} = \pm\sqrt{\frac{1-\cos A}{2}} \quad \text{.....(ii)}$

यहाँ $\sin\frac{A}{2}$ तथा $\cos\frac{A}{2}$ के मान के चिह्न में संशयात्मक(Ambiguous)स्थिति है।

जब A का खास मान दिया रहेगा तब हम आसानी से ज्ञात जाएंगे कि $\frac{A}{2}$ किस पाद में होगा और उसी के अनुरूप $\sin\frac{A}{2}$ या $\cos\frac{A}{2}$ के मान में उचित चिह्न (sign) का उपयोग करेंगे।

उदाहरण: 3 $\sin\frac{A}{2}\pm\cos\frac{A}{2}$ के चिह्न को ज्ञात करना

